Need to connect Ringas- Khatu Shyam ji-Salasar- Sujangarh through railway line ? laid

श्री राहुल कस्वां (चुरू): माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देशन में देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार विकास के नए-नए आयाम स्थापित किये जा रहे है । राजस्थान के मामले में अगर देखा जाए तो नए रेल ट्रेक निर्माण का कार्य काफी कम रहा है। मेरे लोकसभा क्षेत्र के लोगों, जनप्रतिनिधियों व धार्मिक संस्थाओं व अन्य संगठनों के माध्यम से रींग्स- खाटूश्यामजी-सालासर-सुजानगढ को रेलवे लाईन से जोड़े जाने की मांग की जा रही है। रींग्स से खाटूश्यामजी तक नई रेल लाईन डालने का सर्वे किया जाना है, इस सर्वे में रींग्स से खाटुश्यामजी-सालासर- सुजानगढ तक सर्वे कर नई रेल लाईन को शामिल किया जाए । इस रेल लाईन का निर्माण होने से खाटुश्यामजी, सालासर बालाजी व सुजानगढ त्रिरूपति बालाजी धार्मिक पर्यटक व तालछापर अभ्यारण पर्यटक स्थल रेल मार्ग से जुड़ जाएंगे। इन सभी धार्मिक, पर्यटक स्थलों का सम्पूर्ण भारतवर्ष से सीधा सम्पर्क हो जायेगा। अतः मेरा रेल मंत्री से अनुरोध है कि रींग्स से खाटूश्यामजी-सालासर-सुजानगढ तक सर्वे कर नई रेल लाईन डाली जाने की स्वीकृति प्रदान की जाए।